


निष्पक्ष आम आदमी की आवाज 24X7

# यक्षम समाचार पत्रिका

PRGI No. RJHIN/25/A0510

हिन्दी समाचार पत्र

Email: yakashamsamachar@gmail.com



नोटः अखबार में प्रकाशित किसी भी सामग्री से सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है, किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में तमाम न्याय क्षेत्र जयपुर (राजस्थान) होगा।



वर्ष: 01 | जयपुर, गुरुवार, 11 दिसम्बर, 2025 | पृष्ठ: 4 | मूल्य:2 रुपए | ई-पेपर


# दिल्ली हाईकोर्ट बोला-इंडिगो फेल हुई तो सरकार ने क्या किया

## 4 हजार का टिकट 30 हजार तक कैसे पहुंचा; आपने ही ऐसे हालात बनने दिए

**नई दिल्ली।** इंडिगो संकट पर दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाई। अदालत ने पूछा कि जब एयरलाइन फेल हो गई थी, तब सरकार ने क्या किया। फ्लाइट्स की टिकट की कीमतें 4-5 हजार रुपए से बढ़कर 30,000 रुपए तक कैसे पहुंच गईं। अन्य एयरलाइंस ने इसका फायदा कैसे उठाया। आपने क्या कार्रवाई की आपने ही स्थिति को इस हाल तक पहुंचने दिया। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की डिवीजन बेंच जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें मांग की गई थी कि इंडिगो संकट की स्वतंत्र न्यायिक जांच की जाए और जिन लोगों की फ्लाइट रद्द हुई या जो एयरपोर्ट पर फंसे, उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ व्यक्तिगत यात्रियों का मामला नहीं है, बल्कि इससे आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा न पैदा हो। इधर, DGCA (नागरिक उड्डयन नियामक) ने इंडिगो के DGCA पीटर एल्बर्स को गुरुवार दोपहर 3 बजे समन भेजकर बुलाया है। **हाईकोर्टः** सरकार से क्या उम्मीद रखते हैं। क्या आपने आज अखबार पढ़ा। **याचिकाकर्ताः** फ्लाइट रद्द होने की संख्या कम हुई है। **हाईकोर्टः** अब आप क्या चाहते हैं। कार्रवाई कर रही है। एएसजी चेतन शर्मा (सरकार की ओर से): सरकार ने



सख्त कदम उठाए हैं। किराए पर कैप लगाया गया है।। **हाईकोर्टः** यात्रियों के साथ एयरलाइन कर्मचारियों का व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए। पायलट के काम के घंटे की गाइडलाइन समय पर क्यों लागू नहीं की गई। **एएसजीः** फेयर कैपिंग बहुत सख्त तरीके से की गई। **कोर्टः** यह कार्रवाई 4-5 दिन बाद हुई। टिकट जो 4-5 हजार रुपये में उपलब्ध था, उसके दाम 30,000 रुपये तक क्यों बढ़ गए? **कोर्टः**यह सिर्फ फंसे हुए यात्रियों का मामला नहीं है, आर्थिक नुकसान भी हुआ है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

### सरकारी बोली- DGCA की भी जांच होगी

इंडिगो संकट को लेकर अब डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) भी केंद्र सरकार की जांच के रडार पर है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने एक इंटरव्यू में कहा कि इंडिगो की गड़बड़ी पर सिर्फ एयरलाइन ही नहीं, बल्कि डीजीसीए के कामकाज की भी जांच होगी। मंत्री ने यात्रियों को हुई परेशानी के लिए माफी मांगी और कहा कि जिम्मेदार लोगों पर कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि इंडिगो का यह बड़ा फेलियर सामान्य गलती नहीं लगता, बल्कि इसमें जानबूझकर हुई लापरवाही के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार यह जांच कर रही है कि आखिर ऐसा संकट उसी समय क्यों आया और ऑपरेशंस होने के बावजूद हालात कैसे बिगड़े। डीजीसीए को हटाने के सवाल पर नायडू ने कहा कि जरूरत पड़ी तो जरूर हटाया जाएगा। जो भी कानूनी कार्रवाई बनती है, वह जरूर होगी। नायडू ने ये भी बताया कि मैं पिछले 7 दिनों से लगातार मीटिंग कर रहा हूं और मुश्किल से सो पाया हूं, क्योंकि फोकस सिर्फ यात्रियों की परेशानी दूर करने पर है।

### इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6% ज्यादा उड़ानें लीं

डीजीसीए ने बताया कि इंडिगो की ऑपरेटिंग क्षमता और उसके वास्तविक विमान इस्तेमाल में बड़ा अंतर है। यानी कंपनी जितने विमान उड़ाने की क्षमता दिखा रही है, उतने विमान वह उड़ा नहीं पा रही है। डीजीसीए के मुताबिक इंडिगो ने 403 विमान बताकर 6% ज्यादा विंटर शेड्यूल ले लिया, लेकिन अक्टूबर में उसके 339 और नवंबर में 344 विमान ही उड़ान भर सके। नवंबर में शेड्यूल 64,346 में से 59,438 विमान ही उड़ान भर पाए, यानी 4,900 कम। उन्होंने बताया कि सर्दियों में दबाव पहले से होता है, फिर भी कंपनी ने 26 अक्टूबर से शुरू हुए विंटर शेड्यूल में पिछले साल से 9.66% ज्यादा उड़ानें लीं, जबकि वह इतनी क्षमता साबित नहीं कर सकी। इससे सिस्टम पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया।

### सरकार ने इंडिगो की उड़ानें 10% घटाईं

इसी बीच, सरकार ने इंडिगो पर एक्शन लेते हुए उसकी 10न्न फ्लाइट्स घटाने का आदेश दिया है। यह कटौती हाई-डिमांड और हाई-फ्रीक्वेंसी वाले रूट्स पर होगी। इससे रोजाना चलने वाली 2300 में से करीब 230 फ्लाइट्स कम हो जाएंगी।

डीजीसीए ने इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक नया शेड्यूल जमा करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को कंपनी की 422 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। पिछले 8 दिनों में देशभर में करीब 5,000 फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं। इस मामले में आज दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई भी होगी।

# चांदी 6595 बढ़कर 1.85 लाख किलो पर बंद

## सुबह 1.86 लाख का ऑलटाइम हाई बनाया था, सोना 186 गिरकर 1.28 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ



**नई दिल्ली।** चांदी आज यानी 10 दिसंबर को ऑल टाइम हाई पर पहुंची। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सुबह चांदी का दाम 1,86,350 रुपए किलोग्राम पर ओपन हुई। हालांकि इसके बाद इसके दाम में थोड़ी गिरावट आई और ये 6,595 रुपए बढ़कर 1,85,488 रुपए पर बंद हुई। इससे पहले कल ये 1,78,893 रुपए पर थी। इस साल इसकी कीमत 99,471 रुपए बढ़ चुकी है। वहीं सोना 186 रुपए गिरकर 1,27,788 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले ये 1,27,974 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्टूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। अलग-अलग शहरों में रेट्स अलग क्यों होते हैं? IBJA की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं।

# गोवा नाइट क्लब अग्निकांड, 4 मालिकों में से एक पकड़ाया

## बोला- मैं सिर्फ बिजनेस पार्टनर; थाइलैंड भागे लूथरा ब्रदर्स को जमानत नहीं मिली





**पणजी/नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत मामले में क्लब के 4 मालिकों में से एक को हिरासत में लिया गया है। आरोपी का नाम अजय गुप्ता है। वह दिल्ली का रहने वाला है। गोवा पुलिस ने बुधवार को उसे दिल्ली से ही हिरासत में लिया। गोवा पुलिस दिल्ली क्राइम ब्रांच ऑफिस में आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसे आज साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उसे गोवा पुलिस की 36 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर सौंपा गया है। इस दौरान उसे उसे दवाएं लेने की अनुमति दी गई है। क्राइम ब्रांच ऑफिस में जाने के दौरान, आरोपी ने मास्क, टोपी और हुडी जैकेट से अपना चेहरा छिपा रखा था। उसने मीडिया के सवालों पर कहा- मैं सिर्फ एक बिजनेस पार्टनर हूं। मुझे इससे ज्यादा कुछ नहीं पता। इधर, क्लब के दो अन्य मालिक और सगे भाई, सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा ने दिल्ली के रोहिणी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट ने जमानत नहीं दी और पुलिस से जमानत पर जवाब मांगा है। मामले पर गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। दोनों भाई आग लगने के कुछ घंटों बाद, 7 दिसंबर को दिल्ली से थाईलैंड भाग गए थे। इंटरनेशनल क्रिमिनल पुलिस ऑर्गेनाइजेशन ने दोनों भाइयों के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। नाइट क्लब के एक अन्य मालिक सुरिंदर कुमार खोसला के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। वह एक ब्रिटिश नागरिक हैं।

### पुलिस ने दिल्ली के अस्पताल से अजय गुप्ता को पकड़ा

गोवा पुलिस के मुताबिक, अजय गुप्ता की बिर्च बाय क्लब में बड़ी फाइनेंशियल साझेदारी है। उसने लूथरा ब्रदर्स के क्लब में काफी पैसा निवेश किया था। पुलिस ने गुप्ता के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। पुलिस टीम जब गुप्ता के दिल्ली स्थित घर पर पहुंची तो वह घर पर नहीं मिला। इसके बाद उसके खिलाफ गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। बाद में उसकी लोकेशन दिल्ली के लाजपत नगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ब्रेन एंड स्पाइन अस्पताल में मिली। सूत्रों के अनुसार, गुप्ता हरियाणा नंबर प्लेट वाली इनोवा कार में ड्राइवर के साथ अस्पताल गया था। उसने रीढ़ की हड्डी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए खुद को अस्पताल में भर्ती कराया था। मेडिकल जांच के बाद, उसे हिरासत में लिया गया। गुप्ता से गोवा में क्लब के मैनेजमेंट, ऑपरेशन संबंधी जिम्मेदारियों और फायर सेफ्टी नियमों के अनुपालन के बारे में पूछताछ होगी।

### क्लब के चीफ जनरल मैनेजर सहित अबतक 5 गिरफ्तार

पुलिस ने अबतक 5 लोगों को नाइट क्लब अग्निकांड मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में नाइट क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया, गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर और कर्मचारी भरत कोहली शामिल हैं।

### दूसरे क्लब पर बुलडोजर चलाया गया

वहीं मंगलवार को कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने चेन के दूसरे क्लब पर बुलडोजर कार्रवाई की। गोवा के छरूप्रमोद सावंत ने वागाटोर में सौरभ और गौरव लूथरा की रोमियो लेन बीच शैक को गिराने का आदेश दिया था। गोवा टूरिज्म के डिप्टी डायरेक्टर ने कहा कि हम बीच की तरफ से अतिक्रमण हटा देंगे। उन्होंने बताया कि गिराया जाने वाला कुल एरिया 198 स्क्वैयर मीटर है।

### सरकार ने चार सदस्यीय मजिस्ट्रियल जांच समिति बनाई

गोवा सरकार ने सोमवार को इस हादसे की जांच के लिए चार सदस्यीय मजिस्ट्रियल जांच समिति बनाई है। गोवा सरकार ने नाइट क्लब, रेस्टोरेंट, बार और इवेंट वेन्यू के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। इधर, जमीन के असली मालिक प्रदीप घाडी अमोनकर ने न्यूज एजेंसी से कहा कि क्लब नमक के खेतों पर अवैध रूप से बनाया गया था। यह मामला 20 साल से कोर्ट में चल रहा है।

# रोहिंग्या मामला, सीजेआई के समर्थन में 44 पूर्व जज

## कहा- बयान का गलत मतलब निकाला; सीजेआई बोले थे- क्या घुसपैठियों को रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के सपोर्ट में सुप्रीम कोर्ट और देशभर की हाईकोर्ट के 44 जज समर्थन में आए हैं। 9 दिसंबर को सभी जजों के साइन वाला लेटर जारी किया गया।

इसमें लिखा गया- हम रिटायर जज रोहिंग्या प्रवासियों के मामले में सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी के खिलाफ चलाए जा रहे गलत अभियान पर कड़ी आपत्ति जताते हैं। आलोचना हो सकती है, लेकिन यह अभियान न्यायपालिका की छवि खराब करने की कोशिश है। 44 जजों का ये रिएक्शन 5 दिसंबर को रिटायर जजों, वकीलों और कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स के सीजेआई और सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ जारी लेटर के विरोध में आया है। इसमें कहा गया था- रोहिंग्या पर की गई टिप्पणी अमानवीय और संविधानिक मूल्यों के खिलाफ है। रोहिंग्या को दुनिया के सबसे उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों में बताया गया है। साथ ही रोहिंग्या लोगों को अनुच्छेद 21 के तहत सुरक्षा का अधिकार बताया गया। दरअसल, 2 दिसंबर को सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने एक हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा था कि अगर कोई गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आता है, तो क्या उसे रेड कार्पेट वेलकम देना चाहिए, जबकि देश के अपने नागरिक ही गरीबी से जूझ रहे हैं?

### देश में रोहिंग्या की स्थिति पर 44 जजों के बताए फैक्ट

रोहिंग्या भारतीय कानून के तहत शरणार्थी नहीं माने जाते ज्यादातर रोहिंग्या अवैध तरीके से आए हैं और सिर्फ दावा करने से उन्हें शरणार्थी का दर्जा नहीं मिल जाता। भारत 1951 के UN Refugee Convention का सदस्य नहीं है हमारे दायित्व संविधान और भारतीय कानून तय करते हैं, कोई अंतरराष्ट्रीय संधि नहीं। बड़ी चिंता यह है कि अवैध रूप से आए लोगों को आधार, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज कैसे मिले यह गड़बड़ी हमारे सिस्टम को नुकसान पहुंचाती है और मिलीभगत की ओर इशारा करती है।

# दिवाली को यूनेस्को ने विश्व धरोहर घोषित किया

## मोदी बोले- दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा; कुंभ मेला समेत 15 धरोहरें पहले ही लिस्ट में



**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने दिवाली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया। यूनेस्को ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन की इंटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज यानी अमूर्त विश्व धरोहर की सूची जारी की। इसमें घाना, जॉर्जिया, कांगो, इथियोपिया और मिस्र सहित कई देशों के सांस्कृतिक प्रतीक भी शामिल हैं। इस पर पीएम मोदी ने कहा, दिवाली हमारी सभ्यता की आत्मा है। भारत की 15 अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में शामिल हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छाऊ नृत्य भी शामिल हैं। ये फैसला उस समय आया है, जब दिल्ली में NESCO की इंटर-गवर्नमेंटल कमेटी फॉर इंटैन्जिबल हेरिटेज की 20वीं बैठक की मेजबानी कर रही है। यह 8 से 13 दिसंबर तक चलेगी। इसी मौके को देखते हुए केंद्र सरकार ने 10 दिसंबर को विशेष दीपावली समारोह रखने का फैसला किया है, ताकि दुनिया के सामने भारत की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत तरह से पेश किया जा सके।

### मोदी बोले- दिवाली संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर बधाई देते हुए लिखा, भारत और दुनियाभर के लोग उत्साहित हैं। हमारे लिए दिवाली, संस्कृति और प्रकृति से जुड़ी है। यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यह ज्ञान और धर्म का प्रतीक है। दीपावली को यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल किए जाने से इस त्योहार की वैश्विक लोकप्रियता में और भी वृद्धि होगी। प्रभु श्री राम के आदर्श हमें शाश्वत रूप से मार्गदर्शन करते रहें।

### भारत की 15 धरोहरें पहले से लिस्ट में

यूनेस्को की यह लिस्ट दुनिया की ऐसी सांस्कृतिक और पारंपरिक चीजों को शामिल करती है, जिन्हें छू नहीं सकते लेकिन अनुभव किया जा सकता है। इसे अमूर्त विश्व धरोहर भी कहते हैं। इसका मकसद है कि ये सांस्कृतिक धरोहरें सुरक्षित रहें और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचें। फिलहाल, भारत की 15 धरोहरें पहले से अमूर्त विश्व धरोहर की सूची में जगह बना चुकी हैं। इसमें दुर्गा पूजा, कुंभ मेला, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, छऊ नृत्य भी शामिल हैं।

### कपिल मिश्रा बोले- सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी

दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि 10 दिसंबर को दिल्ली सरकार अलग से दिवाली मनाएगी। सभी सरकारी इमारतें सजाई जाएंगी, दिल्ली हाट में खास कार्यक्रम होंगे और लाल किले पर दीये जलाए जाएंगे। मंगलवार रात दिल्ली सचिवालय को तिरंगे रंगों की रोशनी से जगमगाया भी गया। सरकार का मकसद दीपावली को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले वैश्विक संदेश के रूप में पेश करना है, ताकि यूनेस्को सूची में भारत का दावा और मजबूत हो सके। दिल्ली सरकार ने लोगों से भी अपील की है कि वे शहरभर में हो रहे समारोहों में शामिल हों और मिलकर इस ऐतिहासिक पल को मनाएं।

# थरूर ने वीर सावरकर अवॉर्ड लेने से इनकार किया

## बोले-आयोजकों ने बिना पूछे नाम घोषित किया; एनजीओ का दावा- कांग्रेस सांसद ने सहमति दी थी




**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में वीर सावरकर अवॉर्ड को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया। उन्होंने कहा- मैं ये अवॉर्ड लेने नहीं जा रहा हूं। मुझे इसके बारे में केरल में रहते हुए मीडिया रिपोर्ट्स से ही जानकारी मिली। कांग्रेस सांसद ने कहा कि आयोजकों ने बिना पूछे मेरा नाम घोषित किया है। ऐसे में दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। वहीं, अवॉर्ड देने वाले NGO ने थरूर के दावे को गलत बताया। दि हिंगरेज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी इंडिया के संस्थापक अजी कृष्णन ने दावा किया कि वे एक महीने पहले थरूर से उनके घर पर मिले थे। थरूर ने अवॉर्ड स्वीकार करने की सहमति दी थी। दो हफ्ते पहले भी जूरी चेयरमैन रवि कांत ने उनसे मुलाकात की थी। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025% आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। कांग्रेस नेता शशि थरूर को भी ये अवॉर्ड देने की घोषणा की गई है।

## मुकेश सिंह परिहार को पीएचडी की उपाधि



● यक्षम समाचार पत्रिका

**जयपुर।** द अमरीकन यूनिवर्सिटी यूएसए( फोर ग्लोबल पीस) ने मुकेश सिंह परिहार को डवलप्ड आर्ट एंड कल्चर इन एनशिंयट हिस्ट्री टु मॉडर्न हिस्ट्री विषय पर शोध के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। इन्होंने अपना शोध कार्य डॉ.मधुकृष्ण के निर्देशन में पूरा किया है।

## हर इंसान को समान अधिकार और स्वतंत्रता मिलनी चाहिए - कुड़ी

**मनोहरपूर।** । मशहूर,काबिल, दयालु और भामाशाह मोहन कुडी ने कहा कि विश्व मानवाधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को मनाया जाता है, जिस दिन 1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह दिन दुनिया भर में मानवाधिकारों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता, और गरिमा के मूल सिद्धांतों को बढ़ावा देने का अवसर है। कुडी साहब ने पिछले साल की थीम पर बोलते हुए कहा कि असमानताओं को कम करना और मानव अधिकारों को आगे बढ़ाना जो मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के महत्व पर प्रकाश डालती है।

## अरिहंत ग्लोबल ने मनाया 12वाँ वार्षिकोत्सवः मिशन 100 टीम' थीम के साथ ऊर्जा से भरपूर भव्य उत्सव बढ़ता राजस्थान

● यक्षम समाचार पत्रिका



**जयपुर।** डिजिटल सेवाओं, मोबाइल संचार सुविधाओं और आधुनिक तकनीकी समाधानों में अग्रणी संस्था अरिहंत ग्लोबल ने इस वर्ष अपना 12वाँ वार्षिकोत्सव अत्यंत जोश, उत्साह और पारिवारिक वातावरण में मनाया। इस वर्ष समारोह का मुख्य विषय मिशन 100 टीम ङ्ग ऊर्जा के साथ उत्सव रखा गया, जिसका उद्देश्य आने वाले समय में 100 से अधिक सदस्यों वाली सशक्त, प्रशिक्षित और ऊर्जावान टीम का निर्माण करना, डिजिटल रोजगार सृजन , फ्रेंचाइजी सेगमेंट में प्रवेश करना है। यह भव्य समारोह काश्वी बैंक्वेट, खंडेलवाल ढाबेवाला, जयपुर में आयोजित हुआ, जहाँ संस्था के सभी कर्मचारियों के साथ उनके परिवारजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय व उल्लासपूर्ण हो गया। समारोह में उद्योग, शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र के सम्मानित अतिथियों डॉ. अरुण अग्रवाल, जगदीश सोमानी, मनीष जैन, अंकुर जोशी, मुकुल गोस्वामी, प्रो. त्रिलोक जैन एवं गौमाता सेवार्थ ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य–ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने अरिहंत ग्लोबल की 12 वर्षों की विकास यात्रा, टीम–संस्कृति, नवाचार तथा समाज के प्रति योगदान की सराहना की। निर्देशक राहुल कुमार जैन ने संस्थान के प्लेटफ़ॉर्म और नई पहलों पर प्रकाश डाला संस्थान के संस्थापक राहुल जैन, सुनीता जैन ने अपने उद्बोधन में अरिहंत ग्लोबल द्वारा विकसित किए गए अनेक प्रमुख डिजिटल मंचों और सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानव इन्वाइट्स, संचार मंच सेवाएँ (सी–पा.एस प्रकार की सेवाएँ) तथा अन्य डिजिटल समाधान, पिछले वर्षों में अनेक संगठनों, संस्थानों और ग्राहकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुए हैं। उन्होंने इस अवसर पर इस वर्ष प्रारंभ किए गए डिजिटल एम्पावरमेंट ट्रेनिंग प्रोग्राम (ष्ठश्वञ्जक्क) के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से नवउद्यमियों (स्टार्टअप्स), लघु और मध्यम उद्योगों, युवाओं के कौशल विकास, और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। युवाओं, उद्यमियों और छोटे व्यवसायों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार सृजन, व्यवसाय विस्तार और राष्ट्र निर्माण में सक्षम बनाना।

वार्षिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान संस्था में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस वर्ष का वर्ष के सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी सम्मान राशिका शर्मा को उनके समर्पण, रचनात्मकता और उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में विनोद कुमावत, अंकुर, अंकित जैन, लोकेश मेहरा, आयुषी पाटनी, शैलेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, अमित गौतम, संजय कंवरिया तथा रवीना जांगिड़–को भी विभिन्न श्रेणियों में सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का समापन मिशन 100 टीम के संकल्प के साथ हुआ, जहाँ सभी अतिथियों, टीम सदस्यों और उनके परिवारों ने एकजुट होकर भविष्य में नई ऊर्जा, नए नवाचार और मजबूत टीमभावना के साथ और भी ऊँचाइयाँ प्राप्त करने का दृढ़ निश्चय किया।

## एसकेआईटी ने की प्री-एआई इम्पैक्ट समिट की मेजबानी

● यक्षम समाचार पत्रिका




**जयपुर।** स्वामी केशवनंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) ने बुधवार को इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के प्री–समिट कार्यक्रम की मेजबानी की। यह आयोजन एम्पावरिंग इंडिया'स ह्यूमन कैपिटल फॉर द एआई–ड्रिवन फ्यूचर विषय पर केंद्रित था। यह आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा एआईसीटीई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। एआईसीटीई के निदेशक डॉ. अमित दत्ता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बताया कि यह समिट 19 एवं 20 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित होगा एवं इस समिट का केंद्रीय विषय ह्यूमन कैपिटल निर्धारित किया है, जो तीन मूलभूत सूत्रों पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस पर आधारित होगा और मानव विकास, पर्यावरणीय स्थिरता तथा तकनीकी प्रगति के संगम पर वैश्विक विमर्श को आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एआईसीटीई के मीडिया एडवाइजर प्रो. पुनीत शर्मा भी उपस्थित रहे। पैनल में एमिनेंट विशेषज्ञ के रूप में हितेश चौहान (ओरेकल), संदीप जैन (गीक्स फॉर गीक्स), डॉ. किरण त्रिवेदी, (यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोंगोंग), शुभम गुप्ता (नगैरो), कल्पित सिंह (एआइ, सिंगलस्टोर) तथा शिव प्रकाश ओझा (इंफोसिस) शामिल थे। कार्यक्रम में प्रो. अनिल चौधरी ने समिट के उद्देश्यों और विजन की जानकारी दी, जबकि प्रो. नेहा पुरोहित ने पैनलिस्टों के साथ चर्चा का संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक जयपाल मील ने आयोजन की सराहना की। कॉलेज के प्रो. मेहुल माहर्षि, डॉ. नीलम चौधरी और डॉ. लवलीन कुमार ने कार्यक्रम की सफलता में महती भूमिका निभाई।

## मानव अधिकार दिवस पर विशाल रैली संपन्न

● यक्षम समाचार पत्रिका




**जयपुर।** विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय मानवाधिकार महासंघ जयपुर द्वारा एक विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया रेली का आरंभ पूर्व न्यायाधीश पीपी सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया रेली संजय सर्किल से सैकड़ो लोगों के साथ चांदपोल होते हुए छोटी चौपड़ पर समापन की गई कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हाजी अब्दुल रशीद खान, समाजसेवी दौलत त्रिलोकानी, शाहिद गुडेज, डॉ इकबाल अगवानी, जिला अध्यक्ष मेघ श्याम गुप्ता प्रदेश संगठन मंत्री चेतन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, फारूक समोदिया, नवल किशोर गुर्जर, अजीम अहमद, अफसार अहमद, सुशीला जांगिड़, मीनाक्षी चौधरी, विजय शंकर तिवारी, मोहम्मद साबिर, अब्दुल सलीम, मिर्जा बेग, अनवर अहमद, मुनव्वर हुसैन, फारूक लोखंडवाला, चिरंजीव सिंह, इरफान अहमद कुरैशी, अब्दुल सत्तार, खलील फारुकी, राजेंद्र कुमार बेरवा, दीपक धीर, सलीमुद्दीन खान, संजय चतुर्वेदी, विकास कुमार, शाह निजाम भाई, राजेंद्र वर्मा, बनवारी भाई, हाजी सलीमुद्दीन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। हाजी अब्दुल रशीद खान ने कहा कि मानव अधिकार का कहीं भी हनन नहीं होना चाहिए अगर मानव अधिकार का कई हनन हो रहा हो तो इसका विरोध करना चाहिए अन्यथा चीनी की बुर्ज स्थित मानव अधिकार महासंघ की सहायता लेनी ले सकते हे।

## यशवी शर्मा बनीं 'स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025' की विजेता, जयपुर में हुआ भव्य आयोजन

● यक्षम समाचार पत्रिका




**जयपुर।** फैशन और ग्लैमर के एक शानदार प्रदर्शन में, गोल्ड इवेंट्स के तत्वावधान में आयोजित प्रतिष्ठित 'स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025' का खिताब यशवी शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। यह भव्य आयोजन अजमेर रोड स्थित होटल वी वन प्राइड में संपन्न हुआ, जिसने देश भर की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान किया।

### विजेताओं की घोषणाः

स्टेक वॉक मिस इंडिया इंटरनेशनल 2025– यशवी शर्मा, स्टेक वॉक इंडिया– मनीषा बैरवा, स्टेक वॉक राजस्थान– श्वेता किराड। इस प्रतियोगिता में, पूनम शर्मा ने फर्स्ट रनर–अप और कृष्णा मालवीय ने सेकंड रनर–अप का स्थान हासिल किया।

### कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएंः

गोल्ड इवेंट्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में फैशन, रचनात्मकता और प्रतिभा का अद्भुत संगम देखने को मिला। ब्रांड एंबेसडर– प्रिया भागवानी इस कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर रहीं, जिन्होंने शो में चार चाँद लगाए। फैशन हाईलाइट– प्रतिभागियों ने फैशन डिजाइनर ममता जायसवाल, तनु कुमावत, और टीना शर्मा द्वारा डिजाइन की गई नवीनतम और शानदार पोशाकें प्रस्तुत कीं, जो शो का मुख्य आकर्षण थीं।

किड्स मॉडल में राजस्थान कल्चरल फैशन शो की ब्रांड एंबेसडर पंखुड़ी तिवारी और द क्राउन की ब्रांड एंबेसडर ओजस्वी शंकर को भी सम्मानित किया गया। मेकअप पार्टनर : मेकअप पार्टनर सरिता की टीम ग्लेम औरा ने अपनी विशेषज्ञता से सभी प्रतिभागियों की खूबसूरती में निखार लाते हुए उन्हें मंच के लिए तैयार किया। शो कोरियोग्राफ मनोज सोनी द्वारा किया गया। गोल्ड इवेंट्स के राज और राहुल शर्मा ने इस अवसर पर कहा, हम इस साल की सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा और समर्पण से अभिभूत हैं।

यशवी शर्मा एक शानदार विजेता हैं, और हमें विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व गर्व से करेंगी। यह आयोजन भारतीय प्रतिभा और फैशन उद्योग को बढ़ावा देने के हमारे मिशन का प्रमाण है। यह प्रतियोगिता न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन थी, बल्कि यह आत्मविश्वास, बुद्धिमत्ता और जुनून को भी दर्शाती है।

## महा अरोवा इंडिया एलएलपी द्वारा जयपुर में अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर का भव्य शुभारंभ

● यक्षम समाचार पत्रिका




**जयपुर।** राजधानी जयपुर के राजापार्क स्थित एक होटल में बुधवार को महा अरोवा इंडिया एलएलपी ने अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेचुरल मिनरल वाटर के संस्थापक राहुल अरोड़ा ने कहा कि अरोवा का उद्देश्य शुरुआत से ही लोगों तक सबसे शुद्ध और लाभदायक पानी पहुंचना है। हमारे पानी में मिनरल प्राकृतिक रूप से प्रत्येक दैनिक कार्य मसल रिकवरी, पाचन, और बेहतर हाइड्रेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आरव को शुरुआत राजधानी जयपुर में एक सरल सोच से की गई हैं पानी केवल प्यास बुझने का साधन नहीं बल्कि शरीर को पोषण देने का माध्यम है। आम तौर पर बाजार में मिलने वाला पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर आरओ प्रोसेस से गुजरता है, जिससे पानी के प्राकृतिक खनिज नष्ट हो जाते हैं। वहीं अरोवा नेचुरल मिनरल वाटर प्राकृतिक मिनरल से भरपूर जल स्रोतों से प्राप्त किया जाता है और इसकी शुद्धता और प्राकृतिक गुणों को सुरक्षित रखते हुए बोतलबंद किया जाता है। इसमें कैल्शियम, मैग्रीशियम, पोटैशियम, सोडियम, बाइकार्बोनेट्स, सल्फेट्स, क्लोराइड और प्राकृतिक सिलिका जैसे आवश्यक मिनरल्स संतुलित मात्रा में मौजूद हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाते हैं, मांसपेशियों की कार्यक्षमता बढ़ाते हैं, पाचन सुधारते हैं और शरीर को बेहतर हाइड्रेशन प्रदान करते हैं। इसका प्राकृतिक रूप से संतुलित श्च॥ शरीर के आंतरिक संतुलन को बनाए रखने में भी सहायक है। ब्रांड के राष्ट्रीय विस्तार और राजस्थान की रणनीतिक महत्ता पर बात करते हुए अरोवा के प्रमोटर्स प्रतीक वर्मा एवं सुधांशु पांडा ने कहा– अरोबा का विजन पूरी तरह पैन–इंडिया है।

राजस्थान हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण राज्य है, न केवल इसकी आर्थिक प्रगति के कारण, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह देश का एक प्रमुख टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी हव है। जयपुर से हमारी HORECA आधारित विस्तार योजना की मजबूत शुरुआत होगी। हमारा उद्देश्य है कि आने वाले समय में अरोवा राजस्थान के होटलों, रेस्टोरेंट्स, कैफे, लग्जरी रिसॉर्ट्स, वेलनेस सेंटर्स और प्रीमियम संस्थानों की पहली पसंद बने।

उन्होंने यह भी बताया कि राजस्थान में अरोवा का विस्तार एक सतत, सुव्यवस्थित और गुणवत्ता–केंद्रित मॉडल के तहत किया जाएगा, जो आज के आधुनिक उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं और तेजी से बढ़ते प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी सेक्टर के अनुरूप होगा।

## चेटीचंड सिंधी मेला समिति ने 141 विशिष्ट जनों का सम्मान किया

### सी ए इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त नेहा खानवानी भी सम्मानित हुई

● यक्षम समाचार पत्रिका



**जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के चेटीचंड 2025 कार्यक्रमों का समापन और सम्मान समारोह स्थानीय मालवीय नगर स्थित पाथेय भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई। अध्यक्ष दिलीप हरदासानी ने मुख्य अतिथि अशोक परनामी का शॉल पहना कर स्वागत किया सिंधी संस्कृति को बढ़ावा देने वाले और विगत चेटीचंड पखवाड़ा के कार्यक्रमों में विशेष योगदान देने वाले 141 समाज बन्धुओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, सहयोगी संस्थाओं के सदस्य, पंचायतों के मुखिया गण सम्मिलित थे। प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया की सिंधु सपूत अवार्ड जेठानन्द नंदवानी को,सिंधु गौरव अवार्ड मोहन नानकानी को,सिंधु रत्न अवार्ड मनोहर राजानी को और सिंधु वीर अवार्ड नानकराम थावानी को दिए गए। सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता पुरस्कार कमल आसवानी को, सर्वोत्तम कार्यकर्ता पुरस्कार दीपक दुलानी को, अद्वितीय कार्यकर्ता दिलीप भूरानी को और विशेष पुरस्कार दिलीप पारवानी को प्रदान किया गया। कलात्मक झांकियों में भारतीय सिंधु सभा, पूज्य सिंधी पंचायत जयसिंहपुरा खोर, पूज्य सिंधी पंचायत आमेर को सम्मानित किया गया। सजीव झांकियों में पूज्य पंचायत नाहरी का नाका, जय सिंह सेठिया, पूज्य सिंधी पंचायत मुरली पुरा को भी पुरस्कार दिए गए। पूरे देश में सी. ए. इंटर मीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नेहा खानवानी को विशिष्ट पुरस्कार दिया गया।

### चेटीचंड के लिए नए अध्यक्ष का चुनाव 28 दिसम्बर को

चेटीचण्ड सिंधी मेला समिति, महानगर जयपुर के वर्ष–2026 के अध्यक्ष पद के चुनाव 28 दिसम्बर को आयोजित होंगे। चुनाव संचालन समिति ने चेटीचण्ड अध्यक्षीय चुनाव–2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया है। चुनाव संचालन समिति के दिलीप पारवानी ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए रविवार, 28 दिसंबर 2025 को प्रातः 9.30 से दोपहर 3 बजे तक श्री झूलेलाल मंदिर, सेक्टर 5, जवाहर नगर में मतदान होगा। मतगणना मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद होगी। नामांकन फॉर्म भरने की तिथि 18 व 19 दिसंबर 2025 तय की गई है।

## राहुल का शाह को ओपन डिबेट का चेलैंजः गृहमंत्री तेज आवाज में बोले तो राहुल का जवाब... आपका रिएक्शन डरा हुआ



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को चुनाव सुधार पर कहा कि भाजपा के लोग चर्चा से नहीं भागते। विपक्ष एसआईआर पर विपक्ष झूठ फैला रहा है। देश की जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। शाह ने कहा कि विपक्ष का काम हमको करना पड़ रहा है। चुनाव सुधार की जगह विपक्ष ने ज्यादातार बातें एसआईआर पर कीं। जैसी चर्चा की, अब मैं उस पर जवाब दे रहा हूं। एसआईआर पर विपक्ष ने 4 महीने से एक तरफा झूठ फैलाया। उन्होंने कहा कि एसआईआर 3 बार नेहरू, 1–1 बार इंदिरा–अटल के कार्यकाल में हुआ। तब किसी दल ने विरोध नहीं किया।

### शाह और राहुल के बीच तीखी बहस

राहुल ने कहा शाह जी का रिस्पांस पूरी तरह से घबराया हुआ है। डरा हुआ रिस्पांस है। इस पर शाह बोले मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा। विषय पर बोलूंगा। मेरे भाषण में पहले–बाद में जो बोलना है मैं तय करूंगा। हमने तो नहीं कहा कि नेता विपक्ष झूठा बोल रहे हैं।

### 8 दिसंबर- लोकसभा में विपक्ष ने एसआईआर पर सरकार को घेरा

चर्चा की शुरूआत कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने की। उन्होंने कहा कि देश के 12 राज्यों में किया जा रहा एसआईआर गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ एसआईआर को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें। इससे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार और चुनाव आयोग मिलकर एसआईआर के बहाने अंदर ही अंदर एनआरसी वाला काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यूपी के सीएम कह रहे हैं कि हम डिटेंशन सेंटर बना रहे हैं। जो ये खुलकर नहीं कर सकते हैं वो एसआईआर के बहाने कर रहे हैं। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि एसआईआर वोट डिलीट करने का टूल बनकर रह गया है। चुनाव आयोग किसी व्यक्ति की नागरिकता तय करने की अथॉरिटी नहीं है। चुनाव आयोग कह रहा है कि पांच लाख वोटर डिलीट, छह लाख वोटर डिलीट और बीजेपी जश्न मना रही है।

### शाह ने कहा- मैं राहुल गांधी के सभी सवालों का जवाब दूंगा

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा– मेरा दायित्व है कि सही जानकारी देना। जितने आरोप लगे उनके जवाब देना। मैं राहुल गांधी के सभी सवालों का जवाबों दे रहा हूं। आगे कहा कि जब कोई व्यक्ति एक जगह से दूसरी जगह गया है तो नाम हटाने का अधिकार अधिकारी से वापस ले लिया गया। इसलिए ये परेशानी खड़ी हुई है। ये सामान्य गलतियां हैं। वोट काटने का जिसका अधिकार है उसे रोका गया। एसआईआर से यही सुधरना है। विपक्ष इसे वोट चोरी कर रहा है। मैं बताता हूं वोट चोरी क्या है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, विपक्ष का कहना है कि बिहार की मतदाता सूची सही नहीं थी। इसलिए तो एसआईआर करा रहे हैं। वोटर लिस्ट सही हो या गलत कांग्रेस का हारना तय है। उन्होंने कहा, भाजपा को एंटी इंकम्बेंसी कम झेलनी पड़ती है। हम कई चुनाव हारे हैं। बंगाल, तमिलनाडु में हम चुनाव हारे। तब ये जीतते हैं तो बढ़िया कपड़े पहनकर शपथ ले लेते है।

## राहुल संसद सत्र के बीच जर्मनी जाएंगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आगामी जर्मनी यात्रा को लेकर राजनीति तेज हो गई है। भाजपा ने बुधवार को संसद के शीतकालीन सत्र के बीच राहुल की विदेश यात्रा को लेकर उनकी आलोचना की है। कंगना रनोट, संजय जायसवाल समेत कई भाजपा सांसदों ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा– राहुल गांधी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि 'LoP' का मतलब लीडर ऑफ पर्यटन होता है। वे लीडर ऑफ पार्टीइंग (पार्टी करने वाले नेता हैं)। संसद सत्र 19 दिसंबर तक चलेगा, फिर भी राहुल 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी में रहेंगे। वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने काम का आधा समय विदेश में बिताते हैं। फिर भाजपा की ओर से विपक्ष के नेता की विदेश यात्रा पर सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं? कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने एक्स पोस्ट किया है।

# राजस्थान में 1 लाख से ज्यादा नौकरियां देंगी सरकार

## राज्यपाल ने कहा- सूखा-भूखा मत समझो, वेदांता ने की इंडस्ट्रियल पार्क की घोषणा








**जयपुर।** प्रवासी राजस्थानी दिवस पर राजस्थान में एक लाख करोड़ का निवेश हुआ। जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में आज हो रहे कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वेदांता ग्रुप ने राजस्थान में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने की भी घोषणा की। वहीं, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि- हम प्रवासी राजस्थानियों से आपसे निवेदन करते हैं कि आप राजस्थान में भी काम करें। यहां 2 साल में सब बदल गया है। उन्होंने 14 नए राजस्थान चैप्टर की भी घोषणा की। वहीं, कॉमर्स मिनिस्टर पीयूष गोयल ने राजस्थानियों से राजस्थान का ब्रांड एंबेसडर बनने और यहां इंवेस्टमेंट लाने की अपील की। बुधवार सुबह 10.30 बजे पहले प्रवासी राजस्थानी दिवस का उद्घाटन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया।

### 13 नीतियां जारी करेगी राजस्थान सरकार

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले साल प्रवासी राजस्थानी दिवस की घोषणा की थी। पहले राजस्थानी दिवस पर आज राजस्थान के बैकग्राउंड वाले दुनिया के बड़े बिजनेसमैन को सरकार ने इनवाइट किया है। इनमें वेदांता ग्रुप के अनिल अग्रवाल, वेलस्पन ग्रुप की दीपाली गोयनका सहित कई बिजनेसमैन शामिल हैं। सरकार आज बड़ी कंपनियों के साथ 1 लाख करोड़ के समझौते कर सकती है।

### इस महीने सौंपेंगे 20 हजार जॉइनिंग लेटर- मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि हम युवाओं को लेकर भी काम कर रहे हैं। आप देखेंगे कि पिछले 2 साल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। हम 92 हडार नौकरी दे चुके हैं। 1,56000 नौकरियां पाइपलाइन में है। इस महीने हम 20 हडार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इसके लिए हम युवाओं के लिए भी नीति लेकर आ रहे हैं। युवा मिलकर भी उद्योग की स्थापना कर सकते हैं।

### इंडस्ट्रीज को 24 घंटे बिजली देंगे- भजनलाल शर्मा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार को अभी 2 साल हुए हैं। लेकिन आप हमारे काम मे अंतर देखेंगे। हमने सबसे पहले आते ही पानी पर लेकर काम शुरू किया। इसे लेकर हमने राम जल सेतु जल परियोजना शुरू की। इसमें 26000 करोड़ के काम शुरू भी हो चुके हैं। शेखावटी क्षेत्र को लेकर हमने यमुना जल समझौता किया। जिसकी डीपीआर बन रही है और इसे लेकर भी जल्दी काम शुरू हो जाएगा। हमने किसानों से वादा किया था कि किसानों को 2027 में दिन में बिजली देना शुरू कर देंगे। 22 जिलों में हम किसानों को दिन में बिजली देने लगे हैं। इसके साथ ही हम उद्योगों को भी 24 घंटे बिजली उपलब्ध करवाएंगे।

### आज नई नीति का उद्घाटन होगा- मुख्यमंत्री

प्रवासी राजस्थानी दिवस के कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि- आपने देश और दुनिया में उद्योग, व्यापार, संस्थान, ग्लोबल नेटवर्क खड़े किए हैं।अब हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप राजस्थान में भी काम करें। हमने आपसे वादा किया था कि हम आपको किसी तरीके की परेशानी नहीं होने देंगे। इसके लिए हमने आपके लिए अलग से विभाग की स्थापना की है। यह विभाग आपके लिए काम करेगा आपको किसी तरीके परेशानी नहीं होने देगा। अपने वादे के अनुसार हम प्रवासी राजस्थानियों के लिए अलग से नीति लेकर आए हैं। इस नीति का भी आज उद्घाटन होगा।

### प्रवासी राजस्थानी दिवस में क्या बोले स्पीकर

**भजनलाल शर्मा (मुख्यमंत्री):** प्रवासियों के लिए हमने अलग विभाग भी बनाया है। आपसे निवेदन है कि अब आप यहां आकर काम करें। उद्योगों को पूरी सुविधाएं मिल रही हैं। हम युवाओं के लिए भी नई नीति लाए हैं। नौकरी मिल रही है।

**पीयूष गोयल (केंद्रीय कॉमर्स मिनिस्टर):** राजस्थान में निवेश लेकर आइए। पूरी दुनिया में एक करोड़ से ज्यादा प्रवासी राजस्थानी रहते हैं। अगर हर प्रवासी राजस्थानी राजस्थान में अपना योगदान देगा तो दुनिया की कोई ताकत राजस्थान को भारत में नंबर एक बनने से रोक नहीं पाएगी।

**राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ (उद्योग मंत्री, राजस्थान):** हमारी सरकार ने जो इज ऑफ बिजनेस की दिशा में काम किया। 37 इंडस्ट्रियल एरिया, 2000 इंडस्ट्रियल प्लॉट बनाए। कई तरीके की पॉलिसी बनाई, जिससे आपको बिजनेस करने में आसानी हो।

**अनिल अग्रवाल (वेदांता ग्रुप):** यहां बनने वाले इंडस्ट्रियल पार्क में जिंक, सिल्वर,सल्फ्यूरिक एसिड, फास्फोरिक एसिड और उसके साथ में एल्युमिनियम और कॉपर बेस की इंडस्ट्री लगा सकते हैं। इस पार्क में 2 करोड़ से लेकर 100 करोड की इंडस्ट्रीज लगाई जा सकती है।

गुलाबचंद कटारिया (राज्यपाल)= हम जितनी पैरवी राजस्थान की प्रवासियों के बीच नहीं कर सके। उससे ज्यादा अकेले पैरवी तो अनिल अग्रवाल ने कर दी। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी देश-विदेश में राजस्थान का नाम रोशन किया है। मैं तो फिलहाल टेंपरेरी प्रवासी हूं।

**जयपुर की दीपाली गोयनका ने संभाली 18000 करोड की कंपनी:** प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह में आए जाने-माने बिजनेसमैन, वेदांता चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने की चौमूं-सीकर में पडाई

### सीएम ने की एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रिमोट का बटन दबाकर 1 लाख करोड रुपए के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग की। उन्होंने 'कमिटमेंट इन एक्शन' कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया।

### राजस्थान को सूखा-भूखा मत मानो- राज्यपाल

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि आप राजस्थान को सुख और भूखा मत मानो। उन्होंने सीएम भजनलाल शर्मा से कहा कि प्रवासी राजस्थानियों से निवेश ही मत मांगों। प्रवासी राजस्थानियों को खुद को ही मांग लो। उन्हें कहो कि वह कब तक प्रवासी रहेंगे, वह यहीं पर आ जाए।

### प्रवासी राजस्थानियों को किया गया सम्मानित

प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार ने बिजनेसमैन को सम्मानित भी किया। इनमें... अनिल अग्रवाल (वेदांता ग्रुप) कुमार मंगलम बिड़ला (आदित्य बिडला ग्रुप) विनीत मित्तल (मित्तल ग्रुप) अजय पीरामल (पीरामल ग्रुप) माधव सिंघानिया (जेके सिंघानिया ग्रुप) पूनमचंद राठी, उघमी नरसी कुलरिया (कुलरिया ग्रुप) सीएम मूंदडा, मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट प्रदीप घीसुलाल राठौड

### कटारिया बोले- यहां की धरती ने राजस्थानियों को बहुत कुछ दिया है

पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि आज केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने तो मुझे ही प्रवासी बना दिया। उन्होंने कहा कि मैं तो यही पहला बडा हूं। मेरी पूरी जिंदगी यही निकली है। मैं तो फिलहाल टेंपरेरी प्रवासी हूं। दरअसल, अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुलाबचंद कटारिया को प्रवासी कहकर संबोधित कर दिया था। कटारिया ने कहा कि राजस्थान शूरवीरों की धरती है। यहां के लोगों ने धरती के लिए बलिदान दिया है, तो धरती ने भी उसके बदले में राजस्थानियों को बहुत कुछ दिया है। यहां की जमीन खनिज के साथ-साथ सोना भी उगलती है। बांसवाड़ा का एक गांव भूखिया है, जहां पर सोना मिला है। इस गांव का नाम भूखिया है। लेकिन आज यह दुनिया का सबसे धनवान गांव है।

### राजस्थान के कल्चर की झलक

प्रवासी राजस्थानी दिवस में राजस्थानी कल्चर की भी झलक नजर आ रही है। यहां आर्टिस्ट कालबेलिया डांस, कच्छी घोडी डांस भी परफॉर्म कर रहे हैं।

### अनिल अग्रवाल ने कार्यक्रम में की घोषणा

वेदांता ग्रुप के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि हमने राजस्थान को दिल दिया है और इसके लिए हम सब कुछ करेंगे। अगर लोग भारत आते है तो उनकी पहली पसंद राजस्थान होता है। लोग यहां आकर शादी-समारोह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हम राजस्थान में तीन काम कर रहे हैं। एक हिंदुस्तान जिंक, केयर्न एनर्जी और नंद घर। राजस्थान पूरी दुनिया को खनिज देने की क्षमता रखता है। हिंदुस्तान जिंक ने जब यहां उत्पादन शुरू किया गया था। तो हमें कहा गया था कि आप 3 साल के लिए खनन कर सकते हैं। उसके बाद आप इसे बंद कर दीजिएगा, क्योंकि फिर खनन नहीं बचेगा। लेकिन हमने देखा राजस्थान की इतनी क्षमता है कि हम 10 गुना तक इसे बढ़ा चुके हैं। राजस्थान का पत्थर पूरी दुनिया में मशहूर है। हर जिले का पत्थर अपनी अलग पहचान रखता है।

### सरकार 13 नई नीतियां जारी करेगी

प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान सरकार 13 नई नीतियां भी जारी करेगी। इनमें इंडस्ट्रियल, पर्यटन, एनआरआर, सेमीकंडक्टर, एयरोस्पेस-डिफेंस, एआई-एमएल, एग्री-फूड प्रोसेसिंग, वाहन स्क्रैप और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसी नीतियां शामिल हैं। इन नीतियों का फोकस निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने और सेक्टर-वार नई संभावनाओं को बढ़ाने पर है।

### निवेशक रखेंगे सरकार के सामने अपनी बात

उद्घाटन सेशन में राजस्थान और प्रवासी राजस्थानी समुदाय के जुड़ाव को दिखाने वाली एक विशेष मूवी भी दिखाई जाएगी। इसके बाद अलग-अलग सेक्टर पर आधारित सेशन होंगे, जिनमें रिन्युएबल ऊर्जा, पर्यटन, एजुकेशन, इंडस्ट्री, हेल्थ, पानी और माइनिंग जैसे विषय शामिल है। शाम को एक ओपन हाउस सेशन भी होगा।

### सरकार के 2047 विजन को दिखाया जाएगा

एक प्रगति पथ हॉल तैयार किया गया है। इसमें राजस्थान सरकार के 2047 विजन को दिखाया जाएगा। इसके अंदर हेरिटेज लुक से राजस्थान की हवेली,पारंपरिक बावड़ियां समेत कई हेरिटेज साइट्स के साथ रिन्युएबल एनर्जी सेक्टर में हो रहे डेवलपमेंट को दिखाया गया है।

### पीयूष गोयल बोले- आप राजस्थान के ब्रांड एंबेसडर बनिए

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रवासी राजस्थानियों से कहा कि आप राजस्थान के ब्रांड एंबेसडर बने। आप अपने गांव जाइए, जो विकास से वंचित है, उन्हें आगे बडाए। राजस्थान में निवेश लेकर आइए। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में एक करोड़ से ज्यादा प्रवासी राजस्थानी रहते हैं। अगर हर प्रवासी राजस्थानी राजस्थान में अपना योगदान देगा तो दुनिया की कोई ताकत राजस्थान को भारत में नंबर एक बनने से रोक नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राजस्थान के साथ पूरी तरह से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने पिछले दो सालों में नए-नए नवाचारों के जरिए सब को जोड़ने का प्रयास किया है। राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के एमओयू में से एक चौथाई निवेश धरातल पर भी उतर चुका है।

### राजस्थान में निवेश करने का यह सही समय- राठौड

उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- जहां आपकी मातृभूमि है, वही आपका घर है। परंपरा,प्रगति और अपनेपन वाला राजस्थान आपका स्वागत करता है। हमारी सरकार ने जो इज ऑफ बिजनेस की दिशा में काम किया। 37 इंडस्ट्रियल एरिया, 2000 इंडस्ट्रियल प्लॉट बनाए। कई तरीके की पॉलिसी बनाई, जिससे आपको बिजनेस करने में आसानी हो। राठौड ने कहा कि यही सही समय है, राजस्थान में निवेश करने का, राजस्थान के साथ काम करने का। जब राजस्थान डबल इंजन की सरकार के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।


# नडेला बोले- भारत का एआई मॉडल कॉपी नहीं हो सकताः गौतम अडाणी से मिले

## माइक्रोसॉफ्ट भारत में 1.6 लाख करोड़ निवेश करेगी

**मुंबई।** माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और CEO सत्य नडेला अभी भारत के दौरे पर हैं, जिसकी थीम है- लीडिंग इन द न्यू एज ऑफ एआई। बुधवार को नडेला ने अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी से मुलाकात की। इससे पहले मंगलवार को नडेला पीएम मोदी से मिले थे और दोनों ने भारत की एआई रोडमैप और ग्रोथ प्रायोरिटीज पर बात की। इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में 17.5 बिलियन डॉलर (करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए) निवेश की घोषणा की। कंपनी की प्रेस रिलीज के मुताबिक ये निवेश भारत के तेजी से बढ़ते एआई इकोसिस्टम को सपोर्ट करेगा। कंपनी एआई को बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से लागू करेगी, यानी हर आदमी तक इसकी पहुंच आसानी से हो जाए, इसके लिए काम करेगी।

### नडेला-अडाणी ने एआई पर चर्चा की

नडेला ने गौतम अडाणी से भी मुलाकात की। दोनों ने टेक्नोलॉजी के भविष्य, खासकर एआई पर चर्चा की। अडाणी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नडेला से मिलना हमेशा सुखद होता है। उन्होंने आगे लिखा कि सत्य नडेला खुद जो एआई एप्स बना रहे हैं, उसका डेमो भी दिखाया। उनकी टेक्नोलॉजी के भविष्य वाली बातें बहुत कीमती हैं। जैसे-जैसे एआई का जमाना आ रहा है और फिजिकल-डिजिटल दुनिया एक हो रही है, हम 360ए पार्टनरशिप बनाने के लिए बहुत उत्साहित हैं।

### 30 करोड़ से ज्यादा कामगारों को जॉब सिक्योरिटी

सत्य नडेला ने कहा, 'हर बार जब मैं भारत आता हूं, मुझे ये देखकर ताज्जुब होता है कि एआई यहां लोगों की जिंदगी को कितनी तेजी से बदल रहा है। लेबर मिनिस्ट्री के साथ हमारी पार्टनरशिप इसका एक जबरदस्त उदाहरण है, जिससे असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ से ज्यादा मजदूरों को बेहतर नौकरियों और सोशल सिक्योरिटी से जोड़ा जा रहा है। ये दिखाता है कि जब टेक्नोलॉजी बड़े स्तर पर लोगों को ताकत देती है, तो क्या-क्या हो सकता है।'

# राजस्थान से होगा ग्रीन-एनर्जी का सूर्य उदयः खट्टर

## दुबई-यूएई तक 40 हजार करोड़ की अंडर-सी केबल, भारत पावर एक्सपोर्टर बनने की दिशा में





**जयपुर।** जयपुर में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- आने वाले समय में ग्रीन एनर्जी का सबसे बड़ा केंद्र राजस्थान बनने जा रहा है। उन्होंने कहा- दुबई और यूएई को बिजली देने के लिए 1600 किलोमीटर की अंडर-सी केबल बिछाने का काम शुरू हो चुका है। इस पर करीब 40 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। इस लाइन के जरिए इन दोनों देशों को भी भारत बिजली भेज सकेगा। उन्होंने कहा- जिस समय भारत में सूर्योदय होगा, उसी समय राजस्थान की सौर ऊर्जा से बिजली पश्चिमी देशों में सप्लाई होने लगेगी। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में बुधवार को आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस के दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने यह कहा। उन्होंने कहा- भारत में सूरज जल्दी निकलता है, जबकि पश्चिम के देशों में देर से उगता है। यही वजह है कि भारत में सुबह मिलने वाली सौर ऊर्जा को उन देशों तक पहुंचाने की योजना तैयार की जा रही है।

### देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा सेक्टर की सबसे बड़ी भूमिका

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- भौगोलिक तौर पर भले ही देश में सूर्यास्त राजस्थान में होता है, लेकिन भविष्य में ग्रीन एनर्जी का सूरज इसी धरती से निकलेगा। खट्टर ने कहा- राज्य की जमीन, मौसम और सोलर क्षमता इतनी बड़ी है कि यहां बनने वाली ऊर्जा पूरे देश को मजबूत करने के साथ दुनिया तक भेजने की तैयारी पहले ही शुरू हो चुकी है। राजस्थान की तपती रेत आज राज्य की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। सूर्य की तेज रोशनी और गर्मी को ग्रीन एनर्जी में बदलकर देश और दुनिया का बड़ा पावर सेंटर बनने की दिशा में राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 'सूर्य से सूर्य तक' का एनर्जी चक्र तैयार कर रहा भारत

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- भारत हवा, पानी, सूर्य और न्यूक्लियर हर सोर्स से बिजली बनाने की दिशा में काम कर रहा है और देश सूर्य से सूर्य तक का एनर्जी चक्र तैयार कर रहा है। दुनिया में पॉल्यूशन रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन कम करने का टारगेट तय किया गया था। भारत ने 2005 के स्तर के मुकाबले 2030 तक 45% कार्बन कटौती और 50% रिन्युएबल एनर्जी हासिल करने का लक्ष्य सेट किया था। भारत इन दोनों टारगेट्स को 2025 में ही पूरा कर चुका है। यह बताता है कि देश ऊर्जा क्षेत्र में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### भारत पावर डेफिसिट से पावर सरप्लस हुआ, अब एक्सपोर्ट की स्थिति में

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा- 2014 में भारत में 5% पावर डेफिसिट रहता था, जिसके कारण कई जगह पावर कट लगाने पड़ते थे। लेकिन 10 साल में देश पावर सरप्लस की स्थिति में पहुंच गया है। अब भारत बिजली एक्सपोर्ट करने लगा है। उन्होंने बताया कि पिछले साल देश ने 250 गीगावॉट की पीक डिमांड पूरी की थी। इस साल अनुमान था कि मांग 267 गीगावॉट तक जा सकती है, लेकिन मौसम अनुकूल होने से यह 248 गीगावॉट पर ही रुकी। खट्टर ने कहा कि ग्रीन एनर्जी में 2030 तक 500 गीगावॉट का टारगेट सेट किया गया है। भारत अभी ग्रीन और अन्य रिन्युएबल एनर्जी को मिलाकर 505 गीगावॉट क्षमता तक पहुंच चुका है।

### राजस्थान का सोलर-विंड पोटेंशियल देश में सबसे बड़ा

खट्टर ने कहा कि राजस्थान के पास 141 गीगावॉट सोलर और 283 गीगावॉट विंड का पोटेंशियल है, जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी चुनौती ट्रांसमिशन नेटवर्क की है, क्योंकि बड़ी क्षमता होने के बाद भी बिजली को देश के अन्य हिस्सों तक भेजना मुश्किल होता है। इसी वजह से केंद्र सरकार ने नई ट्रांसमिशन लाइंस का काम तेज किया है। मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड वाले मामले की फाइनल सुनवाई हो चुकी है और कुछ शर्तों के साथ ट्रांसमिशन लाइंस के लिए समाधान मिल जाएगा। राजस्थान में 71,443 एमवीए ट्रांसमिशन कैपेसिटी और 21,479 सर्किट किलोमीटर लाइंस पर काम चल रहा है, जिसकी कुल लागत 45,990 करोड़ रुपए है।

### एनर्जी का सुपर हाईवे राजस्थान से ही निकलेगा

मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार का 115 गीगावॉट का केंद्रीय ट्रांसमिशन नेटवर्क सिर्फ राजस्थान में तैयार किया जा रहा है। यह सीधा संकेत है कि आने वाले दशक में भारत का एनर्जी सुपर हाईवे इसी राज्य से निकलेगा। उन्होंने कहा कि सोलर की सबसे बड़ी कमी है कि इसका समय सीमित होता है। इसलिए देशभर में बड़े स्टोरेज प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। दुनिया का सबसे बड़ा 1680 मेगावॉट पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट हैदराबाद के पास शुरू हो चुका है।


### स्मार्ट मीटर, आरडीएसएस और लॉस कम करने पर जोर

मंत्री ने बताया कि ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में होने वाले नुकसान को कम करने के लिए देशभर में आरडीएसएस पर काम किया गया। कभी 28% तक लॉस रहता था, जो अब 16% पर आ गया है। देश में 4.7 करोड़ स्मार्ट मीटर इंस्टॉल हो चुके हैं, जिनमें से 1.90 करोड़ प्रीपेड स्मार्ट मीटर हैं। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटर की सबसे पहले शुरुआत सरकारी विभागों से की जाएगी ताकि लोगों में भरोसा बने और इसके फायदे सीधे जनता तक पहुंच सकें। लक्ष्य यह है कि देश के हर नागरिक को 24 घंटे बिजली सप्लाई मिल सके।

## राज्यवर्द्धन बोले-जिनको कुर्सियों की आदत,वो खाली कुर्सी ढूंढते है

### जोगाराम ने कहा-पूरा हॉल खचाखच भरा था, डोटासरा ने कहा था-खाली मंच, खाली कुर्सियां

जयपुर। प्रवासी राजस्थानी दिवस के उद्घाटन समारोह में खाली कुर्सियों पर सियासत गरमा गई है। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट करके कहा- भाजपा सरकार का असली चेहरा यही है, खाली दावे, खाली मंच, खाली कुर्सियां और खाली खोखली उपलब्धियां। इस पर पलटवार करते हुए उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा- जिनको केवल कुर्सियों की चिंता होती है, वे खाली कुर्सियां ढूंढते रहते हैं। हम तो उद्योग देख रहे हैं और कितना निवेश हो रहा है, उसे गिन रहे हैं। जो खाली कुर्सियां गिन रहे हैं, उन्हें संदेश दे देते हैं। कुर्सियां भरना नहीं, हम राजस्थान के अंदर आ रहे कारोबारियों और युवाओं में विश्वास भर रहे हैं।




### पूरा हॉल खचाखच भरा था-जोगाराम

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आज के कार्यक्रम में पूरा हॉल खचाखच भरा था। कोई कुर्सी खाली नहीं थी। लेकिन पता नहीं कहाँ से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने खाली कुर्सियों की फोटो बनाकर प्रवासी राजस्थानी दिवस की आलोचना की, जो बहुत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि विकास और विरासत को समेटकर सफल प्रवासी राजस्थान दिवस आयोजित किया गया। इसके विपरीत, विपक्ष के नेता खाली कुर्सियों की फर्जी फोटो लगा रहे हैं। विपक्ष के आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। पटेल ने कहा कि अपेक्षा से ज्यादा प्रवासी राजस्थानी भाई इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। इस तरह के आयोजन पर राजनीतिक बयानबाजी नहीं होनी चाहिए।

### डोटासरा ने कहा था - खाली मंच, खाली कुर्सियां

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस को लेकर सोशल मीडिया पर एक्स पर पोस्ट किया था। डोटासरा ने लिखा था- राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार जमीन पर 3 लाख करोड़ का काम भी शुरू नहीं करा सकी। जो सरकार 2 साल में एक भी जनकल्याण की नीति नहीं बना पाई, वो एक दिन में 10 नई नीतियां और ग्लोबल इकोनॉमी हब का फरेबी सपना बेच रही है। 150 करोड़ के खेलो इंडिया गेम्स के बाद करोड़ों की इवेंट बाजी में डूबा प्रवासी राजस्थान समारोह भी फ्लॉप शो साबित हुआ। जहां निवेशकों के नाम पर केवल मंत्री, सांसद, अफसर और कर्मचारियों की भीड़ दिखाकर भी खाली कुर्सियां नहीं भर पाईं। भाजपा सरकार का असली चेहरा यही है, खाली दावे, खाली मंच, खाली कुर्सियां और खोखली उपलब्धियां।

## जयपुर, जोधपुर, अलवर सहित 19 सीएमएचओ को नोटिस

### दवाईयों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखने में लापरवाही, हेल्थ डिपार्टमेंट ने 3 दिन में मांगा जवाब



**जयपुर।** राजस्थान में मेडिकल सेक्टर को डिजिटल रूप से अपग्रेड करने के लिए सरकार ने इंटीग्रेटेड हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया है। इस सिस्टम को लागू करने में कई जिलों में लापरवाही बरती जा रही है। इसे देखते हुए नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) निदेशक ने राज्य के 19 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सभी सीएमएचओ से 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। यह नोटिस मॉड्यूल को निर्धारित समय सीमा में एक्टिव नहीं करने के कारण जारी किया है। इसमें जयपुर के अलावा जोधपुर, अलवर समेत अन्य जिलों के सीएमएचओ शामिल हैं।

### 13 नवंबर तक करना था जिला अस्पताल-सीएचसी में लागू

विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार 13 नवंबर तक सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह डिजिटल मॉड्यूल एक्टिव करके फंक्शनल करना था। इसे लेकर जब पिछले दिनों स्टेट लेवल पर बैठक हुई तो सामने आया कि 19 जिलों की कई सीएचसी, डिस्ट्रिक हॉस्पिटल में ये सिस्टम पूरी तरह शुरू ही नहीं करवाया गया। इसे देखते हुए सीएमएचओ के निदेशक ने जयपुर में दोनों सीएमएचओ के अलावा दौसा, भरतपुर, चूरू, जोधपुर, अलवर, सीकर, बारां, उदयपुर, खैरथल-तिजारा, डीग, डूंगरपुर, बाड़मेर, सिरोही, कोटपूतली-बहरोड़, डीडवाना-कुचामन, चित्तौड़गढ़ और झुंझुनूं जिलों के सीएमएचओ को नोटिस जारी करते हुए 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

## 21 जिला प्रमुखों की जगह कलेक्टरों ने संभाली कमान

### 222 प्रधानों का चार्ज एसडीएम को; चुनाव होने तक  विकास योजनाओं और बजट पर अफसर करेंगे फैसला

**जयपुर।** प्रदेश की 222 पंचायत समितियों के प्रधानों और 21 जिला प्रमुखों का कार्यकाल 9 दिसंबर को खत्म होने के बाद आज से प्रशासक लगा दिए गए हैं। अब पंचायत चुनाव के बाद जिला परिषद और पंचायत समिति बोर्ड की पहली बैठक होने तक जिला प्रमुख का चार्ज कलेक्टर और प्रधान का चार्ज एसडीएम के पास रहेगा। वहीं जिला प्रमुखों,प्रधानों के साथ पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। ऐसे में चुनाव होने तक विकास योजनाओं और बजट पर फैसला कलेक्टर व एसडीएम करेंगे। पंचायत चुनाव अगले साल के बीच में होने के आसार हैं।



### इन 21 जिला परिषदों में कलेक्टरों ने संभाली कमान

जैसलमेर, उदयपुर, बाड़मेर, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, राजसमंद, नागौर, बांसवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जालौर, झालावाड़, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, सीकर, टोंक शामिल है।

### सरकार ने दो दिन पहले किया था फैसला

पंचायतीराज विभाग ने दो दिन पहले ही कार्यकाल खत्म होने वाली पंचायत समितियों में एसडीएम और जिला परिषदों में कलेक्टर को प्रशासक लगाने का फैसला किया था।

### सरपंचों की तर्ज पर प्रधान कर रहे थे कार्यकाल बढ़ाने की मांग

सरपंचों की तर्ज पर प्रधान भी कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसे लेकर प्रधानों ने पंचायतीराज मंत्री से लेकर कई स्तर पर बात की थी। मुख्यमंत्री तक भी मांग पहुंचाई गई थी लेकिन सरकार ने प्रधानों की मांग नहीं मानी। पहले अपनाई जाती रही व्यवस्था के अनुसार पंचायत समितियों में एसडीएम को प्रशासक लगाने का फैसला किया गया।

### पंचायतों में सरपंचों को ही प्रशासक लगाकर बढ़ाया गया था कार्यकाल

प्रदेश की ज्यादातर पंचायतों का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी चुनाव समय पर नहीं हुए। सरकार ने मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक बनाकर कार्यकाल बढ़ा दिया। सरपंचों और वार्ड पंचों की एक कमेटी बनाकर चुनाव होने तक उसे ही प्रशासक के पावर दे दिए। अब तक ग्राम सचिव प्रशासक लगते रहे हैं। इस बार सरकार ने नया पैटर्न अपनाया लेकिन जिला परिषदों और पंचायत समितियों में अफसरों को ही जिम्मेदारी दी गई।

## टाइगर फेस्टिवल का राज्यपाल हरिभाऊ बागडे करेंगे उद्घाटन

**जेकेके में 11 से सजेगी बाघों की दुनिया, प्रदर्शनी-टॉक सेशन सहित कई गतिविधियां होंगी**

जयपुर। वन्यजीव संरक्षण की प्रदेशव्यापी मुहिम के रूप में पहचान बना चुका जयपुर टाइगर फेस्टिवल कला, साहित्य और संस्कृति के रंगों के साथ आयोजित होने जा रहा है। वन्यजीव संरक्षण की प्रदेशव्यापी मुहिम के रूप में पहचान बना चुका जयपुर टाइगर फेस्टिवल कला, साहित्य और संस्कृति के रंगों के साथ आयोजित होने जा रहा है। राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की ओर से जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में 11 से 14 दिसंबर तक शिल्पग्राम में फेस्टिवल होगा। 11 दिसंबर को शाम 4 बजे राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगे, उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और पूर्व आईएएस पवन अरोड़ा बतौर विशिष्ट अतिथि हिस्सा लेंगे। चार दिवसीय 7वें जयपुर टाइगर फेस्टिवल में सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक फोटो-स्केच प्रदर्शनी, वर्चुअल शो, स्टोरी टेलिंग, पंचतंत्र कथाएं, साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और ओपन स्टेज सहित कई विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। फेस्टिवल में न केवल कला, संगीत और लोक परंपरा का खूबसूरत संगम होगा, बल्कि बाघ संरक्षण, एथिकल सफारी, प्रकृति-प्रेम और जिम्मेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित विशेष चर्चाएं भी होंगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक संपादक अनिता देवी के लिए स्काईटेक प्रिंटर्स 111 नवाब कल्लुन का बाग, एमएलए क्वार्टर, एम आई रोड जयपुर में मुद्रित एवं 168, देवनारायण मंदिर के सामने, झालाना ग्राम, मालवीय नगर, जयपुर-17 से प्रकाशित। सम्पादक- अनिता देवी, मो. 9636490431 (पी.आर.बी. एक्ट तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)*